दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**{अनमोल वचन}**

तीन चीजों को लम्बी अवधि तक छुपाया नहीं जा सकता, सूर्य, चन्द्रमा और सत्य।

महावीर जयंती पर 108 .... 02

03 पूजा-अर्चना कर प्रदेश की ...

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल बागडे की राजस्थान दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान दिवस (19 मार्च) की प्रदेशवासियो को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



बागडे ने राजस्थान दिवस पर जारी अपने संदेश में कहा है कि राजस्थान नाम ही मन में गौरव की अनुभूति कराने वाला है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान दिवस भारतीय तिथि से मनाए जाने की घोषणा की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान स्थापना दिवस मात्र एक दिवस नहीं है। यह दिवस हमारे स्वाभिमान, सद्भाव की संस्कृति को सहेजने का है। उन्होंने इस दिवस पर संकल्पित होकर राजस्थान के सर्वांगीण विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

### मुख्यमंत्री ने नव संवत्सर व राजस्थान दिवस पर दी शुभकामनाएं

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नव संवत्सर, चैत्र नवरात्र स्थापना एवं राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।



उन्होंने अपने संदेश में कहा कि चैत्र नवरात्र मातृ शक्ति की आराधना का पावन पर्व है, जो श्रद्धालुओं को आत्मशुद्धि, संयम और सकारात्मक ऊर्जा की प्रेरणा देता है। यह पर्व समाज में आध्यात्मिक जागृति का संचार करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव संवत्सर नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने तथा प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करता है। वहीं राजस्थान दिवस हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आमजन की सहभागिता सराहनीय है।

**पुलिस थाना शम्भुपूरा की बड़ी कार्रवाई**

### 38 किलो डोडा चूरा बरामद, तस्कर फरार

**चित्तौड़गढ़ @ पदमावत मीडिया।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे





विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस थाना शम्भुपूरा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अल्टो कार से करीब 38 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निदेशानुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह के निर्देशन एवं वृताधिकारी भदेसर विनोद लखेरा के सुपरविजन में थाना शम्भुपूरा पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। थानाधिकारी धर्मराज मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गिलूण्ड-अरनोदा रोड पर नाकाबंदी की जा रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध अल्टो कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने पुलिस को देखकर वाहन को तेज गति से भगाकर पहाड़ी क्षेत्र की ओर मोड़ दिया। पुलिस टीम द्वारा वाहन का पीछा किया गया, किन्तु अंधेरा और रात्रि का समय होने के कारण चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस द्वारा कार की तलाशी लेने पर उसमें करीब 38 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। परिवहन में प्रयुक्त अल्टो कार को भी जब्त कर लिया गया है। प्रकरण में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश जारी है।

## उद्यमी संवाद समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आह्वान

# निवेश से लिखेगा राजस्थान विकास की नई कहानी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित उद्यमी संवाद समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उद्योग और निवेश आर्थिक समृद्धि के सबसे बड़े आधार हैं और उद्यमी प्रदेश की विकास यात्रा के प्रमुख भागीदार हैं। उन्होंने उद्यमियों से राजस्थान में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने और नए उद्योग स्थापित करने का आह्वान किया।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है और निरंतर नीतिगत सुधारों के माध्यम से राजस्थान औद्योगिक विकास की नई गाथा लिख रहा है।













**डिजाइन एंड डवलप इन इंडिया की दिशा में कदम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के साथ निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, जिससे राजस्थान एक प्रमुख औद्योगिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पर्याप्त है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

**तीन नई नीतियों का शुभारंभ**

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी तथा राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी का शुभारंभ किया। इन नीतियों से प्रदेश में औद्योगिक निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

**औद्योगिक विकास को मिली नई दिशा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों से प्रदेश में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। ह्यराइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिटह्न में हुए एमओयू में से बड़ी संख्या में परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। साथ ही विभिन्न जिलों में औद्योगिक पार्क विकसित किए जा रहे हैं और नए औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 14 विभागों की 143 से अधिक सेवाएं एक मंच पर उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे निवेशकों को सुविधाएं मिल रही हैं। भूमि उपयोग परिवर्तन की समयसीमा घटाकर 30 दिन कर दी गई है।

**बजट में उद्योगों को बढ़ावा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट 2026-27 में औद्योगिक विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिनमें प्लग एंड प्ले सुविधाएं, डायरेक्ट अलॉटमेंट पॉलिसी तथा लॉजिस्टिक पार्क जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं।

**लाभार्थियों को वितरण**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 119 करोड़ रुपये के 40 कार्यों का लोकार्पण एवं 226 करोड़ रुपये के 46 कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, स्वीकृति पत्र एवं आवंटन पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, रीको आयुक्त शिवांगी स्वर्णकार सहित विभिन्न उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस पर मुख्यमंत्री का उद्योगपतियों से संवाद, सलूंबर में हुआ सीधा प्रसारण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय उद्यमी संवाद कार्यक्रम का जिला स्तरीय स्तर पर सीधा प्रसारण जिला कलेक्टर सभागार के वीसी कक्ष में किया गया। इस दौरान जिले के अधिकारियों एवं उद्योग विभाग से जुड़े कार्मिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान उद्योगपतियों के साथ संवाद करते हुए प्रदेश में निवेश एवं औद्योगिक विकास को नई दिशा देने वाली महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी तथा राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी का अनावरण किया।

इसके साथ ही रीको औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े 119 करोड़ रुपये की लागत के 40 कार्यों का लोकार्पण एवं 226 करोड़ रुपये के 46 कार्यों का शिलान्यास भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को ऋण के चेक वितरित किए। साथ ही एमएसएमई नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति एवं आरएफसी की युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर रीको के ऋण स्वीकृति पत्र, जोधपुर-पाली-मारवाड़ एवं बूढ़ी बावल औद्योगिक क्षेत्रों के आरक्षण पत्र, लीज डीड एवं अलॉटमेंट लेटर भी वितरित किए गए। वहीं सीएसआर के तहत एसएमएस हॉस्पिटल एवं ह्यअपना घरह्न को सांकेतिक चेक प्रदान किए गए।

जिले से कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टर अवधेश मीणा, उद्योग विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेरवाड़ा में अवैध गैस रिफिलिंग पर कार्रवाई, 9 घरेलू सिलेंडर व उपकरण जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग पर अंकुश लगाने के लिए गठित सतर्कता दल ने खेरवाड़ा में कार्रवाई करते हुए 9 घरेलू गैस सिलेंडर और रिफिलिंग उपकरण जब्त किए हैं।





जिला कलेक्टर नमित मेहता के निदेशानुसार तहसीलवार सतर्कता दल गठित किए गए हैं, जिनमें तहसीलदार, पुलिस निरीक्षक, प्रवर्तन अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के विक्रय अधिकारी शामिल हैं।

बुधवार को जिला रसद अधिकारी ग्रामीण मनीष भटनागर के निर्देश पर सतर्कता दल की टीम ने खेरवाड़ा स्थित आदिनाथ एंटरप्राइजेस में अवैध सिलेंडर भंडारण एवं रिफिलिंग की सूचना पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान मौके से 9 घरेलू गैस सिलेंडर तथा गैस ट्रांसफर में उपयोग होने वाले उपकरण बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार रमेश मीणा भी मौजूद रहे।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि अवैध गैस भंडारण या रिफिलिंग संबंधी किसी भी जानकारी को जिला कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम, संबंधित प्रवर्तन अधिकारी या जिला रसद अधिकारी को सूचित करें। उक्त प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## एसीबी की बड़ी कार्रवाई

### 10 हजार की रिश्वत लेते आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार



**गीरसोमनाथ/वेरावल @ पदमावत मीडिया।** एंटी करप्शन ब्यूरो ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए मछली लाइसेंस ट्रांसफर के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि लाइसेंस ट्रांसफर करने के लिए आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के आधार पर एसीबी टीम ने वेरावल में जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी ने 10 हजार रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार की, जिसे टीम ने मौके पर ही बरामद कर आरोपी को पकड़ लिया। एसीबी ने आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## अरब सागर में ओएनजीसी प्लेटफॉर्म पर चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में मुंबई पुलिस को सफलता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** अरब सागर स्थित ओएनजीसी कंपनी के ऑफशोर प्लेटफॉर्म पर हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए येलोगेट पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में मार्च माह के दौरान येलोगेट पुलिस थाने में कुल 4 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिनमें ओएनजीसी के विभिन्न प्लेटफॉर्म से बैटरी बैंक, सोलर पैनल एवं केबल सहित अन्य महत्वपूर्ण सामग्री चोरी होने की शिकायतें सामने आई थीं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बंदर परिमंडल, मुंबई के पुलिस उपायुक्त के निर्देशन में दो विशेष पुलिस टीमों का गठन कर जांच शुरू की गई। गहन अनुसंधान एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 4 में से 2 मामलों का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में चंद्रकांत धमार्जी पाटील (53), संतोष कृष्णा पाटील





(50) तथा विद्याधर गजानन म्हात्रे (32) शामिल हैं, जो रायगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए माल में से 49 बैटरी बैंक बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख 70 हजार रुपये है। इसके अलावा अपराध में प्रयुक्त ह्यकौशल्याचा राम शक्तीह्न नामक मछली पकड़ने वाली नाव (रजिस्ट्रेशन नंबर IND MH 7-MM-3676), जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये आंकी गई है, को भी जब्त किया गया है।

पुलिस जांच में यह सामने आया है कि आरोपी समुद्र में स्थित प्लेटफॉर्म को निशाना बनाकर सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। इस गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीम लगातार प्रयासरत है।

मुंबई पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की संगठित आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

यह पूरी कार्रवाई मुंबई पुलिस आयुक्त देवन भारती, पुलिस सह आयुक्त सत्यनारायण चौधरी, अपर पुलिस आयुक्त अभिनव देशमुख, पुलिस उपायुक्त विजयकांत सागर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में येलोगेट पुलिस टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

### अवैध रेत परिवहन का भंडाफोड़, 7 ट्रैक्टर जब्त


**वारंगल/हैदराबाद@ पदमावत मीडिया।** अवैध रेत खनन व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सतर्कता एवं प्रवर्तन विभाग की टीम ने हनुमकोंडा जिले में दबिश देकर 7 ट्रैक्टर जब्त किए। जांच में सामने आया कि बिना अनुमति लगभग 35 टन रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। जब्त ट्रैक्टरों की अनुमानित कीमत करीब 28 लाख रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी दिन में रेत का अवैध उत्खनन कर उसे खेतों में छिपाते थे और रात में परिवहन करते थे, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच रहा था। मामले में 7 आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच जारी है। विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

## खबर संक्षेप

### परसाद में खौफनाक चाकूबाजी कांड का पदार्फाश

## दिनदहाड़े युवक की हत्या करने वाले 09 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** जिले में परसाद कस्बे में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज चाकूबाजी और हत्या की वारदात का पुलिस




ने खुलासा करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले आरोपियों के हौसलों पर करारा प्रहार हुआ है। सलूम्बर जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सलूम्बर रतन चावला एवं वृताधिकारी सराड़ा चांदमल सिंगारिया के सुपरविजन में परसाद थानाधिकारी नरेश कुमार मीणा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा यह प्रभावी कार्रवाई की गई। प्रकरण संख्या 34/2026 धारा 189(2), 126(2), 115(2) व 103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 में दर्ज मामले के अनुसार दिनांक 13.03.2026 को प्रार्थी अपने साथियों के साथ परसाद कस्बे में खरीददारी के लिए आया हुआ था। बस स्टैंड पर बैठे होने के दौरान अचानक आरोपी पक्ष के युवक मोटरसाइकिल लेकर पहुंचे और मामूली कहासुनी के बाद देखते ही देखते विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया। आरोपियों ने लात-घूंसों से हमला कर दिया और इसी दौरान आरोपी संजय ने प्रदीप मीणा के पेट में चाकू घोंप दिया, जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। घायल को तत्काल परसाद अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उदयपुर रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एमओबी एवं एफएसएल टीम की सहायता से साक्ष्य जुटाए और आरोपियों की धरपकड़ के लिए कई टीमें गठित की। पुलिस ने मुखबिर तंत्र, तकनीकी विश्लेषण और लगातार दबिश के जरिए अलग-अलग स्थानों से 9 आरोपियों को डिटेन कर गहन पूछताछ की, जिसमें उन्होंने वारदात करना स्वीकार किया। इसके बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी:** संजय पुत्र काना मीणा उम्र 25 वर्ष, विकास पुत्र काना मीणा उम्र 19 वर्ष, गोविन्द पुत्र सोहन मीणा उम्र 23 वर्ष, राहुल पुत्र सोहन मीणा उम्र 21 वर्ष, प्रवीण पुत्र सोहन मीणा उम्र 18 वर्ष 11 माह, रामलाल पुत्र सुन्दरलाल मीणा उम्र 20 वर्ष, पंकज पुत्र बंशीलाल मीणा उम्र 19 वर्ष, राजु पुत्र बंशीलाल मीणा उम्र 21 वर्ष 11 माह निवासी भूवालिया पीछे थाना परसाद जिला सलूम्बर, संजय पुत्र जीवा मीणा उम्र 22 वर्ष निवासी नाल हल्कार थाना परसाद जिला सलूम्बर। इस कार्रवाई में परसाद थानाधिकारी नरेश कुमार मीणा, सहायक उप निरीक्षक भेरुसिंह, नानालाल, सत्यनारायण, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, मोतीसिंह, जितेन्द्र सिंह तथा कांस्टेबल संजय कुमार, भवानीप्रसाद, दिनेश, जितेन्द्र, रविराज, मुकेशनाथ, रुपलाल, संजय कुमार, मनीष कुमार एवं हेमेन्द्र सिंह (साइबर सेल) शामिल रहे।

## पेंशन अदालत 27 अप्रैल को उदयपुर में

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान सरकार के निदेर्शानुसार पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए संभाग स्तरीय प्रथम पेंशन अदालत का आयोजन 27 अप्रैल 2026 को उदयपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में किया जाएगा। कोषाधिकारी रवि प्रकाश लांबा ने बताया कि पेंशन प्रकरणों से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु कोषालय सलूंबर में परिवेदनाएँ प्राप्त की जा रही हैं, जिन्हें पेंशन अदालत में प्रस्तुत कर उनका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पेंशन अदालत विशेष रूप से पारिवारिक पेंशनरों के लिए समर्पित रहेगी, जिसमें विधवा, तलाकशुदा, अविवाहित पुत्री एवं दिव्यांग आश्रितों के प्रकरणों को प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षा विभाग से जुड़े पेंशन प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निस्तारण होगा। पेंशन अदालत में संभाग स्तरीय समिति द्वारा सुनवाई की जाएगी, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर अपनी परिवेदनाएँ आवश्यक दस्तावेजों सहित कोषालय सलूंबर में व्यक्तिगत रूप से या ई-मेल के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

## एक माह में 500 तुलाई कांटों के ऑटोमाइजेशन का लक्ष्य तय

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रमुख शासन सचिव माइंस टी. रविकान्त ने कहा है कि राज्य के 140 तुलाई कांटों को इस माह के अंत तक लाइव कर दिया जाएगा वहीं प्राथमिकता के आधार पर 500 तुलाई कांटों का ऑटोमाइजेशन का कार्य एक माह में करने के लक्ष्य तय किये गये हैं।

# पवन जैन पदमावत ने नव संवत्सर और राजस्थान दिवस पर दी शुभकामनाएं

## समाज में जागरूकता और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पदमावत मीडिया के प्रधान संपादक ***पवन जैन पदमावत*** ने नव संवत्सर और राजस्थान दिवस के पावन अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए समाज में एकता, संस्कार और सकारात्मक सोच को अपनाने का आह्वान किया है।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि नव संवत्सर भारतीय परंपरा का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जो नव ऊर्जा, नव विचार और नए संकल्पों के साथ जीवन



को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। यह अवसर हमें अपने आचरण, विचार और कार्यों का आत्ममंथन कर समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का संदेश देता है।

राजस्थान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ***पवन जैन पदमावत*** ने कहा कि यह दिन हमारे गौरवशाली इतिहास, शौर्य, त्याग और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाता है। राजस्थान की धरती ने देश को अनेक वीर योद्धा, संत और महान व्यक्तित्व दिए हैं, जिनकी प्रेरणा से आज भी समाज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को नैतिक मूल्यों, पारदर्शिता और जागरूकता की सबसे अधिक आवश्यकता है। भ्रष्टाचार और अपराध जैसी चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए प्रत्येक नागरिक को सजग रहकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। तभी हम एक सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत का निर्माण कर सकेंगे।

***पदमावत*** ने नागरिकों से अपील की कि वे नव संवत्सर के इस शुभ अवसर पर समाज सेवा, राष्ट्रहित और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लें तथा अपने आसपास सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होगा, तभी वास्तविक अर्थों में देश और समाज का समग्र विकास संभव हो सकेगा।

उन्होंने अंत में सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नव संवत्सर और राजस्थान दिवस की पुनः हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश, बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में बुधवार को विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण एवं योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया।राज्य बजट वर्ष 2026-27 की घोषणाओं पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को कार्ययोजना बनाकर शीघ्र क्रियान्वयन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में विभागों के बीच समन्वय, फील्ड निरीक्षण तथा योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर भी बल दिया गया।

### ठाणे क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

## कुख्यात गैंगस्टर रवी पुजारी गिरफ्तार, मोक्का केस में पुलिस रिमांड

**ठाणे @ पदमावत मीडिया।** संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ठाणे क्राइम ब्रांच के खंडणी विरोधी पथक ने कुख्यात गैंगस्टर रवीप्रकाश सुलैया पुजारी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल




की है। आरोपी लंबे समय से एक गंभीर खंडणी (रंगदारी) प्रकरण में वांछित था। पुलिस के अनुसार कासारवडवली पुलिस थाना, ठाणे में दर्ज प्रकरण संख्या 1196/2017 में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 385, 387, 120(बी), 34 तथा महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (टउडउअ) 1999 की धारा 3(1)(), 3(2), 3(4) के तहत मामला दर्ज है। यह प्रकरण वर्तमान में मोक्का स्पेशल कोर्ट, ठाणे में विचाराधीन है। जांच में सामने आया कि वर्ष 2017 में आरोपी रवी पुजारी ने एक निर्माण व्यवसायी से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की थी। रकम नहीं देने पर व्यवसायी को जान से मारने की धमकी दी गई और उसके कार्यालय पर फायरिंग करवाने के लिए अपने गुर्गों को भेजा गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी रवी पुजारी लंबे समय तक विदेश में रहकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता रहा है। उसके खिलाफ देश के विभिन्न स्थानों पर लगभग 44 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसे पकड़ने के लिए रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था। वर्ष 2019 में उसे सेनेगल देश में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की गई। प्रत्यर्पण स्वीकृत होने के पश्चात ठाणे क्राइम ब्रांच की टीम ने 17 मार्च 2026 को कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित केंद्रीय कारागार से आरोपी को अपने कब्जे में लेकर इस प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया।

## 31 मार्च 2026 को लोक कला मंडल में भव्य आयोजन

# महावीर जयंती पर 108 गौशालाओं में 33 कोटी देव (गोमाता) को 56 भोग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर धर्म, सेवा और संस्कृति का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा, जब गुरु कमल चंद्रोशन गोसेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में विशाल महावीर जयंती सेवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि गोसेवा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आ रहा है, जो समाज को सेवा, समर्पण और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करेगा। इस महाअभियान के अंतर्गत उदयपुर की पावन धरा से शुरूआत करते हुए 108 गौशालाओं में लगातार 108 दिनों तक 33 कोटी देव स्वरूप गोमाताओं को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। इस सेवा कार्य के माध्यम से लगभग 50 हजार से अधिक गोमाताओं की सेवा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि इसे विश्व रिकॉर्ड की दिशा में एक सशक्त कदम के रूप में भी देखा जा रहा है, जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। 30 मार्च 2026 को तपस्वी सेवा सम्मान समारोह का आयोजन आरएनटी मेडिकल कॉलेज सभागार, कोर्ट चौराहा के सामने किया जाएगा, जो दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। इस समारोह में समाज के विशिष्ट सेवाभावी व्यक्तित्वों का सम्मान किया जाएगा। इसी दिन सायं 5 बजे गौतम प्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे और भक्ति भाव से प्रसादी ग्रहण करेंगे।

गुरु कमल चंद्रोशन गौसेवा ट्रस्ट उदयपुर

### सेवा महोत्सव के साथ विराट हास्य कवि सम्मेलन

31 मार्च 2026, मंगलवार को लोक कला मंडल में इस महोत्सव का मुख्य आयोजन रखा गया है, जिसमें 33 कोटी देव (गोमाता) भोग चैरिटी सेवा कार्यक्रम के साथ-साथ सायं 7 बजे से विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कवि सम्मेलन में देशभर के प्रसिद्ध कवि अपनी प्रस्तुतियों से वातावरण को हास्य और व्यंग्य से सराबोर करेंगे, जिससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिलेगा।

इसके अतिरिक्त 6 अप्रैल 2026 से इस सेवा अभियान का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा, जिसके तहत लगातार 108 दिनों तक विभिन्न गौशालाओं में 56 भोग सेवा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गोमाताओं की सेवा, भोजन व्यवस्था और देखभाल सुनिश्चित की जाएगी, जिससे समाज में गोसेवा के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ेगी।

**संस्थापक संजय पोरवाल** ने बताया कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य गोसेवा के माध्यम से मानवता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गोमाता का विशेष स्थान है और उनकी सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। इस महाअभियान के माध्यम से समाज को एकजुट कर सेवा भावना को सशक्त बनाया जा रहा है।

**मीडिया प्रभारी पवन जैन पदमावत** ने बताया कि महोत्सव को लेकर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज को एक नई दिशा देगा और युवाओं को भी सेवा कार्यों के प्रति प्रेरित करेगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

**कोषाध्यक्ष स्वीटी पोरवाल** ने बताया कि इस महाअभियान में प्रत्येक व्यक्ति अपनी श्रद्धा और क्षमता के अनुसार सहयोग कर सकता है। इसके लिए 56 भोग सेवा हेतु 108 रुपये से लेकर 31000 रुपये तक की सहयोग राशि निर्धारित की गई है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पुण्य कार्य में सहभागी बन सकें। उन्होंने बताया कि सहयोगकताओं के लिए आकर्षक उपहारों की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें वाहन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य उपयोगी सामग्री शामिल हैं।

ट्रस्ट के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस भव्य आयोजन की तैयारियों में दिन-रात जुटे हुए हैं। आयोजन को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**संपर्क सूत्रः 8209498916**

यह महावीर जयंती सेवा महोत्सव निश्चित रूप से गोसेवा, धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समन्वय का एक भव्य उदाहरण बनेगा, जो आने वाले समय में समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत सिद्ध होगा।

# डॉ. मुख्तियार अली ने रचा कीर्तिमान: 1,000 से अधिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** पश्चिम-दक्षिण राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नाहर अस्पताल लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एस.बी. नाहर चैरिटेबल ट्रस्ट के अधीन संचालित यह अस्पताल आधुनिक सुविधाओं एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के कारण क्षेत्र का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र बन चुका है। अस्पताल की इसी उपलब्धि श्रृंखला में सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मुख्तियार अली ने 1,000 से अधिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी सफलतापूर्वक पूर्ण कर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल उनके अनुभव और दक्षता को दशार्ती है, बल्कि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को भी मजबूत करती है। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि डॉ. अली द्वारा की गई सभी सर्जरियां राजस्थान सरकार की एमएए योजना के अंतर्गत की गई हैं, जिससे मरीजों को पूर्णतः कैशलेस उपचार सुविधा प्राप्त हो रही है। यह पहल गरीब एवं दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल

नाहर अस्पताल एनएबीएच से मान्यता प्राप्त है और यहां उन्नत निदान, आधुनिक ऑपरेशन थियेटर, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ एवं अनुभवी विशेषज्ञों की टीम उपलब्ध है। अस्पताल का उद्देश्य दूरस्थ एवं कम सुविधायुक्त क्षेत्रों तक भी उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

### ऑर्थोपेडिक सेवाओं में विशेषज्ञता

डॉ. मुख्तियार अली ऑर्थोपेडिक क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ हैं, जिनकी विशेषज्ञता कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में है–




### जटिल एवं ट्रॉमा फ्रैक्चर का उपचार

जोड़ों से संबंधित बीमारियों का प्रबंधन, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण (आर्थोप्लास्टी), रीढ़ (स्पाइन) संबंधी रोगों का उपचार, खेल चोट (स्पोर्ट्स इंजरी) का विशेष उपचार वे आधुनिक सर्जिकल तकनीकों और वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों का उपयोग करते हुए उच्च सफलता दर बनाए रखते हैं। उनका ध्यान केवल ऑपरेशन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दर्द प्रबंधन एवं प्रभावी पुनर्वास पर भी विशेष जोर रहता है, जिससे मरीज शीघ्र सामान्य जीवन में लौट सकें।

### रोगी–केंद्रित सेवाओं पर विशेष ध्यान

डॉ. अली का मानना है कि प्रत्येक मरीज की आवश्यकता अलग होती है, इसलिए उपचार भी व्यक्तिगत एवं समग्र दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए। यही सोच मरीजों के साथ विश्वास और संतुष्टि का मजबूत आधार बनाती है।

### ट्रस्ट का सराहनीय प्रयास

एस.बी. नाहर चैरिटेबल ट्रस्ट के मार्गदर्शन में अस्पताल चिकित्सा उत्कृष्टता का केंद्र बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। प्रबंध ट्रस्टी अजय नाहर ने डॉ. अली की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल का ऑर्थोपेडिक विभाग मरीजों को सर्वोत्तम और सुरक्षित उपचार प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नाहर अस्पताल आज क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है और आने वाले समय में भी आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 24 से 26 मार्च तक नि:शुल्क दिव्यांगजन एवं वृद्धजन सहायता शिविर

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** जिले में दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों के लिए 24 से 26 मार्च तक भगवान महावीर विकलांग सहायता शिविर का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सलूम्बर में किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगा। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सुभाष मणि ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों को बैसाखी, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, जयपुर फुट एवं कैलिपर जैसे सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। वहीं वृद्धजनों को भी आवश्यकतानुसार श्रवण यंत्र एवं छड़ी आदि सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के हजारों दिव्यांगजन एवं वृद्धजन इस शिविर से लाभान्वित होंगे। शिविर के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिला प्रशासन ने पात्र लाभार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## एमएसएमई उद्यमिता कार्यक्रम: विद्यार्थियों को स्टार्टअप और आत्मनिर्भरता की राह दिखाई



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक एवं व्यवहारिक विज्ञान महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (टरटए) द्वारा उद्यमिता उन्मुख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप, सरकारी योजनाओं एवं स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का संदेश

कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. धृति सोलंकी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को केवल नौकरी तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें उद्यमी बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने नवाचारों को व्यवसाय में बदलने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता सहायक निदेशक गणेश एम. ने एमएसएमई की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 2-टियर स्कीम के तहत आइडिया आधारित स्टार्टअप को 20 लाख रुपये तक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जबकि नया उद्यम स्थापित करने के लिए 50 लाख रुपये तक ऋण की सुविधा दी जाती है। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में इक्विटी फंडिंग, हैकाथॉन और विभिन्न प्रतियोगिताओं को नवाचार को बढ़ावा देने के प्रभावी माध्यम बताया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को इन अवसरों का लाभ उठाकर अपने विचारों को सफल स्टार्टअप में बदलने की प्रेरणा दी। उद्यमी अंकित जोधावत ने एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों एवं चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### एसीबी का शिकंजा

## आबकारी निरीक्षक व शिक्षक रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार, 20 लाख नकद बरामद

**करीमनगर @ पदमावत मीडिया।** भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई कर



आबकारी विभाग के एक निरीक्षक एवं एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को रिश्वतखोरी और अवैध लेन-देन के मामले में रंगे हाथों पकड़ते हुए उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 17 मार्च 2026 को एसीबी ने आबकारी निरीक्षक गुंडेटी रामू, जो करीमनगर अर्बन में पदस्थ हैं, तथा माध्यमिक ग्रेड शिक्षक जक्कानी वेणु को हिरासत में लिया। जांच में सामने आया कि आबकारी निरीक्षक ने अपने कार्यकाल के दौरान अवैध रूप से नियमित रूप से ह्यमामूलह्न के रूप में रिश्वत राशि प्राप्त की। यह राशि एक गुड़ व्यापारी से ली जाती थी, जिसे आरोपी शिक्षक जक्कानी वेणु के माध्यम से यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए वर्ष 2022 से 2024 के बीच लिया गया। एसीबी जांच में यह भी उजागर हुआ कि आरोपी शिक्षक अपने बैंक खातों के माध्यम से यह राशि आबकारी निरीक्षक एवं उनके पिता के खातों में ट्रांसफर करता था। लगातार वित्तीय लेन-देन से यह स्पष्ट हुआ कि शिक्षक का खाता बिचौलिये (बेनामी) के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था, ताकि अवैध आय के स्त्रोत को छुपाया जा सके। कार्रवाई के दौरान एसीबी टीम ने आबकारी निरीक्षक के आवास पर तलाशी ली, जहां से 20 लाख रुपये की अघोषित नकदी बरामद कर जब्त की गई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अनुचित तरीके से अवैध धन अर्जित किया। एसीबी ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश, एसीबी एवं एसपीई कोर्ट, करीमनगर के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की है। मामले की जांच जारी है तथा शिकायतकर्ता की पहचान सुरक्षा कारणों से गोपनीय रखी गई है। यह कार्रवाई राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की सख्त नीति और जीरो टॉलरेंस के संदेश को दशार्ती है।

## जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति बैठक, लापरवाही पर सख्त निर्देश

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिला चिकित्सालय में जिला कलेक्टर अवधेश मीना की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति



की बैठक आयोजित हुई। इसमें स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण में प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए तथा योजनाओं का लाभ समय पर देने पर जोर दिया। बैठक में एचपीवी टीकाकरण शत-प्रतिशत करने, चिकित्सा संस्थानों में पेयजल व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा 104 एंबुलेंस सेवा शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संपर्क पोर्टल के परिवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## सिवाँची मालाणी जैन संघ की नई कार्यकारिणी घोषित, महावीर छाजेड़ बने अध्यक्ष

**अहमदाबाद @ पदमावत मीडिया।** सिवाँची मालाणी जैन संघ उत्तर अहमदाबाद की वर्ष 2026-28 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन मणिलक्ष्मी तीर्थ में आयोजित बैठक



महावीर छाजेड़ अध्यक्ष | अशोक मांडोत सचिव | तेजराज मेहता कोषाध्यक्ष

के दौरान सर्वसम्मति से किया गया। मीडिया प्रभारी मुकेश आर. चौपड़ा ने बताया कि निवर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र भंसाली द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें महावीर छाजेड़ को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी में भरत गोठी प्रथम उपाध्यक्ष, किशोर सालेचा द्वितीय उपाध्यक्ष, अशोक मांडोत सचिव, विजयराज चौपड़ा सहसचिव, तेजराज मेहता कोषाध्यक्ष, महावीर जीरावला सह कोषाध्यक्ष, जिग्नेश सालेचा संगठन मंत्री तथा जीतू सोलंकी संयोजक बनाए गए।

## राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर आस्था, परंपरा एवं संस्कृति का अनूठा संगम

# मुख्यमंत्री श्री गोविंददेव जी की महाआरती में हुए शामिल





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को श्री गोविंददेवजी की महाआरती में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत मंत्रोच्चार के मध्य सपत्नीक आरती एवं पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए कामना की।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं का आत्मीयता के साथ अभिवादन किया। इस दौरान श्री गोविंददेवजी मंदिर के महंत ने मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया।राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आस्था, परंपरा एवं संस्कृति के इस अनूठे संगम से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल, विधायक श्री गोपाल शर्मा, श्री बालमुकुंदाचार्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गत वर्ष से राजस्थान दिवस अंग्रेजी कलैण्डर के स्थान पर भारतीय पंचाग की तिथि नव संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने का निर्णय किया गया। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष भी प्रदेशभर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के साथ भव्य रूप में राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर देवस्थान विभाग द्वारा विशेष आयोजनों के तहत प्रदेश के सभी राजकीय मंदिरों में सजावट, दीप प्रज्ज्वलन, विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया है।

## नगर निगम जयपुर की बड़ी कार्रवाई, 6 केन्टर सामान जब्त कर हटाया अतिक्रमण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर 6 केन्टर सामान जब्त किया। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निदेर्शानुसार एवं पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में की गई। सतर्कता टीम द्वारा कटपुतली नगर, जे.के. लोन अस्पताल क्षेत्र, मुरलीपुरा सर्किल के आसपास, पणजारी मार्ग, दादी का फाटक, विनायक विहार 200 फीट बाईपास रोड एवं नेशनल हैंडलूम, विद्याधर नगर क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया।

कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा सड़क किनारे रखे गए सामान को जब्त कर कुल 6 केन्टर भरकर निगम




के गोदाम में भिजवाया गया।

उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि मौके पर टीम द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश भी दी गई और भविष्य में अतिक्रमण न करने के लिए मौखिक पाबंद किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोबारा अवैध अतिक्रमण पाया गया तो संबंधित के खिलाफ भारी चालान एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम द्वारा शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रखने की बात कही गई है।

## तलवार से हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले के पुलिस थाना बाघपुरा ने जान से मारने की नियत से तलवार एवं लाठियों से हमला करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त तलवार बरामद की है। प्रकरण के अनुसार प्रार्थी मुकेश पुत्र रामाजी निवासी गुजेला रिछावर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मार्च 2026 को सैलाणा गांव में दो युवकों की हत्या के बाद 15 मार्च को गांव में वार्ता चल रही थी। इसी दौरान 25-30 लोगों ने एक राय होकर उस पर तथा गांव के मुखिया शांतिलाल पर तलवारों एवं लाठियों से जानलेवा हमला कर दिया। दोनों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। बताया गया कि पूर्व में हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर समझाइश देने से नाराज होकर आरोपियों ने यह हमला किया। इस संबंध में पुलिस थाना बाघपुरा में प्रकरण संख्या 46/2025 विभिन्न धाराओं में दर्ज कर जांच शुरू की




गई। जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर के निदेर्शानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा एवं वृताधिकारी झाड़ोल के सुपरविजन में थानाधिकारी बाघपुरा मय टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मांगीलाल पुत्र प्रभुलाल निवासी चौकड़ी, अमृतलाल पुत्र भैरूलाल निवासी कोल्यारी थाना फलासिया तथा महेंद्र पुत्र रामा निवासी रिछावर थाना बाघपुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तलवार भी बरामद कर ली है। प्रकरण में शेष आरोपियों की तलाश जारी है तथा अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

## माधव वरिष्ठ नागरिक परिषद का होली मिलन समारोह सम्पन्न, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** माधव वरिष्ठ नागरिक परिषद का होली मिलन कार्यक्रम धाकड़ गार्डन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रेरक उद्बोधनों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महापौर रजनी डांगी ने कहा कि भारत अपनी समृद्ध संस्कृति एवं उच्च जीवन मूल्यों के कारण विश्वगुरु रहा है, लेकिन समय के साथ संस्कारों में कमी आई है। उन्होंने पंच परिवर्तन–स्व आधारित जीवन, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य बोध एवं पर्यावरण संरक्षण–को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने सभी से समाज में स्नेहपूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखने, जाति या व्यवसाय के आधार पर भेदभाव समाप्त करने तथा स्वभाषा, स्वदेशी और भारतीय जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही महिला सदस्यों को कुटुम्ब प्रबोधन की





भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए गृहिणी होने पर गर्व करने की बात कही। समाजसेवी डी.पी. धाकड़ ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए प्रत्येक नागरिक से कम से कम दस पेड़ लगाने और पक्षियों के लिए फलदार वृक्ष लगाने की अपील की।

इससे पूर्व महासचिव गेहरीलाल जोशी ने परिषद का परिचय एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना एवं ब्रह्मनाद के साथ हुई। इस अवसर पर नए सदस्यों एवं हाल ही में जन्मदिवस मनाने वाले सदस्यों का उपरणा एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ओम अग्रवाल, अरुण कुमार शर्मा, चंद्रशेखर चौबीसा, अशोक कोठारी, संध्या आमेटा सहित अन्य सदस्यों ने कविता, गीत, भजन एवं हास्य प्रस्तुतियों से समां बांधा।

इस अवसर पर पूर्व कुलपति डॉ. उमाशंकर शर्मा, समाजसेवी प्रकाश अग्रवाल एवं दिनेश भट्ट की विशेष उपस्थिति रही। अंत में अध्यक्ष नारायणलाल जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ किया गया।

# तेजानंद बिहारी मंदिर में महाआरती का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी आस्था








पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** राजस्थान दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जिले के प्रसिद्ध राजकीय तेजानंद बिहारी मंदिर में श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति भाव के साथ महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने सहभागिता करते हुए भगवान के दर्शन किए। उनके साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंदिर के महंत द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं महाआरती सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं।

महाआरती के दौरान मंदिर परिसर भक्ति गीतों, मंत्रोच्चार एवं जयकारों से गुंजायमान रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महाआरती में भाग लिया तथा भगवान से सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान उपखंड अधिकारी सलूंबर जगदीश चंद्र बामनिया, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश चंद्र पाटीदार सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंदिर समिति एवं स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा व्यवस्थाओं का सुव्यवस्थित संचालन किया गया। श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, प्रसाद वितरण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## नवोदय प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित, कक्षा 6 में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा सत्र 2026-27 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय मावली के प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का चयन अस्थायी रूप से किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रवेश अंतिम रूप से पात्रता की शर्तों की पूर्ति एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही सुनिश्चित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन एवं रिपोर्टिंग तिथि की सूचना संबंधित जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा अलग से दी जाएगी। प्रधानाचार्य ने यह भी स्पष्ट किया कि परिणाम प्रकाशन में पूर्ण सावधानी बरती गई है, इसके बावजूद अंतिम निर्णय विद्यालय प्रशासन की सूचना के अनुसार ही मान्य होगा।

### चयनित अभ्यर्थियों के रोल नंबर

डी2808837, एफ2808802, आई2812267, आई2813136, आई2815142, आई2818087, जे2807533, जे2808671, जे2808717, जे2809854, जे2812259, जे2812330, जे2812654, जे2818706, जे2819188, के2807529, के2808248, के2809631, के2809964, के2811015, के2812430, के2813158, के2816836, के2817542, के2818856, के2819051, एल2809211, एल2809669, एल2809676, एल2809877, एल2810307, एल2811005, एल2811851, एल2811886, एल2812040, एल2812186, एल2814301, एल2814851, एल2814927, एल2816027, एल2816029, एल2816508, एल2816869, एल2817965, एल2817980, एल2818130, एल2819010, एल2819037, एम2807526, एम2808620, एन2808619, एन2809670, एन2809950, एन2812264, एन2813044, एन2814344, एन2815475, एन2818958, एन2820236, एन2820297, एन2820351, एन2821360, ओ2807513, ओ2816304, ओ2817147, पी2808762, पी2809908, पी2809914, पी2810416, पी2811073, पी2811389, पी2811800, पी2813387, पी2816146, पी2816556, पी2816886, पी2817038, पी2817950, पी2818812, पी2818990

## नाथद्वारा में श्रीराम धुन संकीर्तन व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन


पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नाथद्वारा।** नगर के तेलियों का तालाब स्थित श्री महावीर बालाजी मंदिर परिसर में श्रीराम धुन संकीर्तन तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का दिव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। संगठित हिन्दू, सशक्त भारत परिवार के तत्वावधान में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले इस आध्यात्मिक अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पिछले 34 महीनों से निरंतर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि यह सतत चल रहा भक्तिमय क्रम समाज में हिन्दू एकता, जागरूकता, भक्ति एवं



सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का सशक्त माध्यम बन गया है। इसी क्रम में मंगलवार को द्वितीय चरण के 28वें सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण परिहार, युवराज सिंह परिहार, सुरेन्द्र सिंह दसाणा, रमाकांत गुर्जर, रमेशचंद्र दशोरा, ताराचंद घावरी, सुरेन्द्र कुमावत, प्रेमनारायण माली, मंगल सनाढ्य, विष्णु कुमावत, धर्मेंद्र बागोरा, गुमानसिंह, महेश वर्मा, प्रेमकुंवर, तनुश्री, रानू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत डूंगरपुर-बांसवाड़ा में 200 पुस्तकों का वितरण, जप के लिए प्रेरित किए श्रद्धालु



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर।** देवस्थान विभाग द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा जिलों में धार्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 200 पुस्तकों का वितरण किया गया। इन पुस्तकों को विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं के बीच वितरित कर उन्हें जप साधना के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के तहत श्रद्धालुओं को पुस्तकों में दिए गए कॉलम में ओम नमः शिवाय मंत्र को एक पृष्ठ पर लगभग 108 बार लिखकर एक सप्ताह के भीतर देवस्थान विभाग कार्यालय में जमा कराने के लिए प्रेरित किया गया। सिद्धनाथ महादेव मंदिर डूंगरपुर में आयोजित कार्यक्रम में ऋतुराज सिंह, गिरीश व्यास, विमल सोनी, सुभाष शर्मा एवं प्रवीण श्रीमाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त दीपिका मेघवाल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य श्रद्धालुओं को जप और साधना से जोड़ने के साथ-साथ सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना है। कार्यक्रम के संचालन के लिए डूंगरपुर में ऋतुराज सिंह चौहान एवं गिरीश व्यास तथा बांसवाड़ा में अवन शर्मा, अमरसिंह चौहान एवं गुलाब सिंह को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## राजस्थान दिवस सप्ताह में उद्यमियों से संवाद, योजनाओं की दी जानकारी

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान दिवस सप्ताह के तहत कलेक्ट्रेट के मिनी सभागार में जिला स्तरीय उद्यमी संवाद



कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलक्टर नमित मेहता के आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जिससे उद्यमियों को राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई। जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केंद्र के महाप्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा ने जिले में उद्योग विकास के अवसरों एवं योजनाओं की जानकारी दी। जिला कलक्टर ने उद्यमियों से विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सरकारी योजनाओं से उनके व्यवसाय को मजबूती मिली है तथा रोजगार के नए अवसर विकसित हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### बालोतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## एरिया डोमिनेशन अभियान में 30 कार्रवाई, ईनामी सहित 30 आरोपी धरपकड़

**बालोतरा @ पदमावत मीडिया।** जिले में अवैध गतिविधियों और फरार अपराधियों के




खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बालोतरा पुलिस ने एरिया डोमिनेशन करते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस अभियान में 23 पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कुल 30 कार्यवाहियों में सफलता हासिल की। पुलिस अधीक्षक बालोतरा रमेश आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूलसिंह आरपीएस तथा समस्त वृताधिकारीगण के सुपरविजन में यह अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा समन्वित रूप से दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 01 ईनामी आरोपी, प्रकरणों में वांछित 09 आरोपी, 01 स्थायी वारंटी तथा 19 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर कुल 30 कार्यवाहियों को अंजाम दिया। इस अभियान में डीसीआरबी एवं साइबर सेल का तकनीकी सहयोग, मानवीय आसूचना एवं पारंपरिक पुलिसिंग का प्रभावी उपयोग किया गया। पुलिस टीमों को पूर्व निर्धारित रूट एवं टास्क के अनुसार संदिग्ध एवं स्थाई निवास स्थानों पर दबिश देने के निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह अभियान जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा अपराधियों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## पंचमुखी बालाजी मंदिर में 19 से 27 मार्च तक नवान्ह परायण पाठ का आयोजन

**जोधपुर @ पदमावत मीडिया।** शहर के प्राचीन पंचमुखी बालाजी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 19 मार्च से 27 मार्च तक श्री रामचरितमानस के नवान्ह परायण पाठ



का संगीतमय आयोजन किया जाएगा। मंदिर पुजारी संजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 19 मार्च को प्रातः 8 बजे श्री नाम वंदना एवं शिव-पार्वती संवाद के पाठ से होगा। इसके पश्चात नौ दिनों तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे विभिन्न प्रसंगों पर आधारित पाठ एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत राम जन्म, स्वयंवर, वन गमन, भरत मिलन, सीता हरण, हनुमान मिलन, लंका दहन, रावण वध तथा राज्याभिषेक जैसे प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

## सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से की भेंट, शिक्षा व कौशल विकास पर हुई अहम चर्चा

**राजसमंद।** राजसमंद की सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने नई दिल्ली में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी से शिष्टाचार भेंट कर



क्षेत्रीय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बैठक में संसदीय क्षेत्र में शिक्षा के समग्र विकास, शैक्षणिक अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा आधुनिक सुविधाओं के विस्तार पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। स्कूलों और उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुधार, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही युवाओं के कौशल विकास, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विस्तार और स्थानीय स्तर पर नए अवसर सृजित करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सांसद ने मंत्री को क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं और चुनौतियों से अवगत कराया।

# डिजाइन एंड डवलप इन इंडिया आज की आवश्यकता : वासुदेव देवनानी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com











**उदयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष प्रोफेसर वासुदेव देवनानी ने कहा कि देश को मेक इन इंडिया से आगे बढ़ते हुए अब ह्यडिजाइन एंड डवलप इन इंडियाह्न के मंत्र के साथ विकास की दिशा में अग्रसर होना होगा। इसके लिए अपने ज्ञान, प्रतिभा और संसाधनों पर विश्वास करते हुए शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देना आवश्यक है।

देवनानी बुधवार को देबारी स्थित होटल लोटस काउंटी में आयोजित पश्चिम क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के कुलगुरु सम्मेलन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का विषय स्वदेशी, आर्थिक राष्ट्रवाद एवं तकनीकी राष्ट्रवाद के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत रहा।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन भारत में प्रत्येक गांव आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित था, जहां उत्पादन के साथ ज्ञान और स्वावलंबन का केंद्र भी मौजूद था। तक्षशिला और नालंदा जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों, सुश्रुत, आर्यभट्ट एवं ब्रह्मगुप्त जैसे विद्वानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्धि को रेखांकित किया।

देवनानी ने कहा कि ह्यलोकल फॉर वोकलह्न आत्मनिर्भर भारत की नींव है और इसी से आर्थिक राष्ट्रवाद को बल मिलता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब भारत को तकनीकी दक्षता हासिल कर उत्पादन के साथ-साथ डिजाइन और विकास के क्षेत्र में भी अग्रणी बनना होगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था, जो आज चौथे स्थान पर पहुंच चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर आने की दिशा में अग्रसर है। भारत महाशक्ति बनकर किसी पर शासन नहीं बल्कि मार्गदर्शन की भूमिका निभाएगा और मानव कल्याण की दिशा में विश्व को दिशा देगा।

### कुलगुरुओं की भूमिका अहम

देवनानी ने विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं को राष्ट्र निर्माण की धुरी बताते हुए कहा कि वे नई पीढ़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ें और राष्ट्रवाद की भावना विकसित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में होने वाले शोध का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का भविष्य गांवों में बसता है और विश्वविद्यालयों को इस भविष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

समापन समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने की। कार्यक्रम में अतुल कोठारी, राजेंद्र सिंह शेखावत एवं डॉ. पंकज मित्तल सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरु एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

### राजसमंद में कृषि सभागार का उद्घाटन, विधायक दीप्ति माहेश्वरी बोलीं

## किसानों के आत्मनिर्भर बनने से ही देश का विकास संभव









पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** कृषि विभाग के नवनिर्मित कृषि सभागार का उद्घाटन बुधवार को राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ विधायक का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचे।

विधायक माहेश्वरी ने कहा कि किसानों के आत्मनिर्भर बनने से ही प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव है। वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचार एवं वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से कोई भी पात्र किसान वंचित न रहे।

उन्होंने नवनिर्मित कृषि सभागार को किसानों के लिए ज्ञान, प्रशिक्षण और नवाचार का केंद्र बताते हुए कहा कि यहां आयोजित होने वाले प्रशिक्षण, कार्यशालाएं एवं संवाद कार्यक्रम किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक उद्यान कल्प वर्मा ने किया तथा अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक कृषि भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने की। उन्होंने सभागार के निर्माण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इसे किसानों के लिए प्रशिक्षण एवं तकनीकी आदान-प्रदान का सशक्त मंच बताया।

उप निदेशक उद्यान कल्प वर्मा ने अपने संबोधन में कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए किसानों से इनका अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आत्मा संतोष कुमार दुरिया, सहायक निदेशक उद्यान प्रवीण गुप्ता, सहायक निदेशक कृषि अर्जुन जाट, शिवप्रकाश, कृषि अधिकारी रोशनलाल डांगी, सांख्यिकी अधिकारी नीरज पाटिदार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## माइंस में सात दिवसीय एनएसएस शिविर: स्वयंसेवकों ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे, सेवा का लिया संकल्प




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर ।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जावर माइंस में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्लस टू स्तर के तहत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन विविध गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर उनकी सेवा का संकल्प लिया। इस दौरान स्वयंसेवकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का भाव देखने को मिला। विद्यालय मीडिया प्रभारी श्वेता भट्ट ने बताया कि शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भाव विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गीता लखानी, उपप्रधानाचार्य अनीता चौबीसा एवं मुजफ्फर हुसैन ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए इस प्रकार के सेवा कार्यों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया तथा सभी को निरंतर ऐसे कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार मीणा ने सभी शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

## सेवा से संस्कार और लक्ष्य प्राप्ति संभव : महिपाल सिंह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**उदयपुर।** विद्या भारती संस्थान उदयपुर सेवा क्षेत्र के शिक्षा सरस्वती संस्कार केंद्रों द्वारा आयोजित बाल संगम कार्यक्रम विविध गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत के निरीक्षक नवीन झा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा और संस्कार के साथ जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। क्षेत्र संस्कार केंद्र प्रमुख महिपाल सिंह ने विद्यार्थियों को सेवा, संस्कार और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। प्रांत संस्कार केंद्र प्रमुख पूनमचंद राठौड़ ने एकता और समरसता का महत्व बताया, वहीं जिला सचिव कालूलाल चौबीसा ने अनुशासन और परिश्रम पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान मंडल-खो, तीन टांग दौड़, कुर्सी रेस, नीर-तीर, चित्रकला और सुलेख प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सेक्टर-4 मां शारदा सरस्वती संस्कार केंद्र प्रथम तथा भगवान एकलिंगनाथ सरस्वती संस्कार केंद्र बड़गांव द्वितीय स्थान पर रहा। मंडल-खो प्रतियोगिता में गोविंद गुरु सरस्वती संस्कार केंद्र प्रथम एवं बिरसा मुंडा सरस्वती संस्कार केंद्र द्वितीय स्थान पर रहे। इस आयोजन में 30 विद्यालयों के 9 केंद्रों से 140 विद्यार्थी एवं 10 आचार्य-आचार्याओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन ललित किशोर बरोलिया ने किया तथा आभार राजेश कुमार ने व्यक्त किया।

## भीलवाड़ा दौरे पर उप मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक, बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए सख्त निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**भीलवाड़ा।** उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बुधवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 की बजट घोषणाओं के तहत संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में की गई बजट घोषणाओं को जनहित से जुड़ा बताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे, इसके लिए प्रत्येक विभाग जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करे। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने धीमी गति से चल रहे कार्यों में तेजी लाने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परियोजना में अनावश्यक विलंब या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यदि किसी कार्य में भूमि, स्वीकृति, तकनीकी या अन्य कोई बाधा आ रही हो तो उसे तुरंत जिला प्रशासन या राज्य स्तर पर अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए जिले के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में बजट घोषणाओं के तहत चल रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रणजीत सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह, नगर विकास न्यास के सचिव ललित गोयल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृषक-वैज्ञानिक संवाद एवं पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** तहसील पीपलखूंट के गांव नया बोरियां में भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र, बीकानेर द्वारा जनजातीय उपयोजना के तहत कृषक-वैज्ञानिक संवाद एवं पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 265 से अधिक पशुपालक परिवार लाभान्वित हुए। शिविर में पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण, आहार एवं उत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## आईआईएस यूनिवर्सिटी का 11वां दीक्षांत समारोह संपन्न, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को मानद उपाधि से सम्मानित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com










**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी के 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। समारोह में राज्यपाल ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए विश्वविद्यालय की ओर से मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं उपाधियां प्रदान कीं। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि महिलाएं अबला नहीं बल्कि सबला हैं और यदि वे अपनी अंतर्निहित शक्ति को पहचानकर आगे बढ़ें तो समाज तेजी से विकास की दिशा में अग्रसर हो सकता है। उन्होंने छात्राओं को निडरता, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का उदाहरण देते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प और साहस से किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और एकाग्रता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति भारत को उसकी प्राचीन ज्ञान परंपरा से जोड़कर विश्वगुरु बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति के माध्यम से राष्ट्र को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करना समय की आवश्यकता है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र के विकास का आधार होती है। उन्होंने बालिका शिक्षा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर बनेंगी तभी समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने छात्राओं को उपलब्ध अवसरों का पूर्ण उपयोग करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। साथ ही विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय अशोक गुप्ता को स्मरण करते हुए महिला शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गुप्ता एवं कुलगुरु टी.एन. माथुर ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।